चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/5694
दिनांक : 17.01.2022

विज्ञप्ति

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त परम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के स्नातक एवं परास्नातक स्तर विषम सेमेस्टर परीक्षा (दिसम्बर–2021) सत्र 2021–22 के परीक्षा फार्म (NEP के अन्तर्गत प्रविष्ट छात्रों को छोड़कर) विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित विज्ञप्ति : परीक्षा/5642, दिनांक 30.12.2021 एवं परीक्षा/5671, दिनांक 10.01.2022 द्वारा विश्वविद्यालय की विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर ऑनलाईन भरे जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 17.01.2022 निर्धारित थी।

माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार परीक्षा फार्म भरने से वंचित सन्दर्भित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को जिन्होंने अभी तक परीक्षा फार्म नहीं भरा है, को अवसर प्रदान करते हुए तिथियाँ निम्नानुसार दिनांक 24.01.2022 तक पुनः विस्तारित की जाती है :–

01.	छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म वेबसाईट पर उपलब्ध होने की तिथि	**31.12.2021**
02.	छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने की अन्तिम तिथि तथा ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की पुनरीक्षित अन्तिम तिथि	**24.01.2022**
03.	समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों सहित परिपूर्ण परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि	**25.01.2022**
04.	महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा सत्यापित करने के पश्चात परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि	**27.01.2022**

नोट :–

1. **समस्त छात्र/छात्रायें परीक्षा फार्म भरे जाने से पूर्व विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध सेमेस्टर पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित समस्त नियमों का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।**
2. **ऐसे पाठ्यक्रमों जिनमें पुनः बैक परीक्षा देने की सुविधा विश्वविद्यालय नियमों में अनुमन्य है, ऐसे छात्र/छात्राओं के पुनः बैक परीक्षा फार्म जमा करते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाय कि सम्बन्धित छात्र/छात्रा ने उन्हीं कोडों की पुनः बैक परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरा है, जिनमें वह पूर्व में बैक पेपर परीक्षा हेतु सम्मिलित हो चुका है। अर्थात किसी भी छात्र/छात्रा को, कोड परिवर्तन कर पुनः बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं है।**
   उक्त के अतिरिक्त यदि सम्बन्धित सेमेस्टर में एग्रिगेट (Aggregate) पूर्ण न होने के कारण यदि छात्र अनुत्तीर्ण रह जाता है तो ऐसे विद्यार्थी अपने सम्बन्धित सेमेस्टर के उत्तीर्ण विषयों में से आधे विषयों, जिसमें सबसे कम अंक प्राप्त हुये हैं उनकी बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होकर सम्बन्धित सेमेस्टर को उत्तीर्ण कर सकता है।
3. **ऐसे छात्र/छात्रा जिनका प्रवजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) जमा नहीं हैं, परीक्षा फार्म भरने हेतु अर्ह नहीं होंगे।**
4. **विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो पूर्ण सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होगा।**
5. **NEP – 2020 के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने हेतु पृथक से विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी।**

18/01/22

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह वि0वि0 परिसर, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है। अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान/विभाग का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
06. वैयक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
08. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
09. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्पनी, को इस आशय के साथ कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित करें कि यह विज्ञप्ति छात्र/छात्रा को परीक्षा फार्म भरने के साथ ही उपलब्ध हों।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)